कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक, हरियाली मिशन, बिहार

दिनांक–16.04.2013 को पूर्वाह्न 11:00 बजे हरियाली मिशन के अंतर्गत चलायी जा रही योजनाओं के आँकड़ों के संग्रहण, प्रसारण, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन हेतु पंजीकृत संस्थाओं/एजेंसियों से अभिरूचि की अभिव्यक्ति के संबंध में आहूत की गयी प्री–बिड बैठक की कार्यवाही :–

———————————————————————————————————————

उपस्थिति :– संलग्न

कार्यवाही :–

इस प्री–बिड बैठक में विभिन्न संस्थाओं/एजेंसियों के कुल 138 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिन्होंने अपने प्रश्न एवं विचार रखें। उनके द्वारा पूछे गये प्रश्न का उत्तर निम्न प्रकार दिया गया :–

क्र0	पूछे गये प्रश्न	संस्था का नाम	कार्रवाई
1.	दिये गये अभिरूचि की अभिव्यक्ति में संस्था से मांगा गया वार्षिक टर्न ओवर रु 10 लाख से कम होना चाहिए।	(i) शिव गुरू जनसेवा संस्थान, सहरसा। (ii) देवपति सेवा संस्थान, पटना।	इस विषय में विचार–विमर्श हुआ यह कार्य बहुत महत्वपूर्ण हैं, संस्था को वित्तीय दृष्टि से सुदृढ़ होना आवश्यक है। इसके लिए संस्था का टर्न ओवर कम–से–कम रु0 10 लाख प्रति वर्ष होना चाहिए।
2.	पूरे बिहार में कुल चार संस्था का ही चयन इस कार्य के लिए कम लगता है। अतः इससे ज्यादा संस्था को लिया जाना चाहिए।	(i) सुकून संस्था, मु0–बागमूसा, हाजीपुर वैशाली। (ii) शहीद भगत सिंह क्लब, वैशाली। (iii) सुलभ संदेश, अनिसाबाद, पटना। (iv) Joint action networking, Hilsa. (v) विश्वकर्मा सेवा समिति, हाजीपुर।	चूंकि यह कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है। अतः वर्तमान में कार्य के परिमाण को देखते हुए इससे अधिक संस्था की आवश्यकता नहीं है।
3.	संस्था से मांगा गया कार्य अनुभव 5 साल को घटाकर कम करना चाहिए। ताकि छोटे संस्था को भी कार्य करने का मौका मिलना चाहिए।	(i) विश्वकर्मा सेवा समिति, हाजीपुर। (ii) स्वर्गीय सकल राय, स्मृति संस्थान, मुजफ्फरपुर	यह कार्य नये तरह का है। अतः जो संस्था पूर्व में कार्य कर चुकी है, जिस संस्था को पूर्व में कार्य का अनुभव हैं, उन्हें ही प्राथमिकता दी जाय। कम अनुभव वाले संस्था से गुणवत्ता में अंतर होगा।
4.	जिन्होंने पर्यावरण एवं वन क्षेत्र में कार्य नहीं किया है, उसे भी मौका दिया जाना चाहिए ?	(i) कमली देवी, सामाजिक उत्थान सेवा समिति, कैमूर (ii) उज्ज्वल मानव विकास संस्थान, रोहतास।	यह कार्य बहुत महत्वपूर्ण हैं, अतः संस्था को पूर्व में पर्यावरण के क्षेत्र में अनुभव होना आवश्यक प्रतीत होता है।
5.	जिला स्तर पर रु0 50,000/– हजार से बढ़ाकर रु0 75,000/– हजार किया जाय एवं प्रखंड स्तर पर रु0 10,000/– हजार से बढ़ाकर रु0 20,000/– हजार होनी चाहिए ?	(i) Envirotech, Kolkatta. (ii) विकास बिहार, एस0 के0 नगर, पटना।	इस विषय में यह विमर्श हुआ कि जो कार्य संस्था द्वारा कराया जायेगा उसके लिए जिला स्तर पर रु0 50,000/– एवं प्रखंड स्तर पर रु0 10,000/– कार्य के परिमाण के अनुसार उचित प्रतीत होता है।

6.	(क) क्या अभिरूचित की अभिव्यक्ति में Terms of reference अंग्रेजी में मिल सकता है ? (ख) क्या Project completion report agency के द्वारा जमा करना mandatory होगा ? (ग) क्या जिला स्तर पर कार्यालय स्थापित करना, कम्प्यूटर, इंटरनेट और वेबकैंम का खर्च दिये गये रु0 50,000/– में ही शामिल हैं ?	(i) GfK Mode Pvt.Ltd. Kadamkuan Patna-800003	(क) नहीं, चूंकि यह सारा कार्य किसानों से संबंधित है, अतः सब कार्य हिन्दी के माध्यम से ही किया जायेगा। (ख) हाँ। (ग) हाँ, इसके लिए अतिरिक्त कोई राशि देय नहीं होगी।
7.	संस्था/एजेंसी को काली सूची में नहीं होने का शपथ–पत्र किसके द्वारा दिया जायेगा।	(i) GfK Mode Pvt.Ltd. Kadamkuan Patna-800003	शपथ–पत्र रु0 100/– के स्टंप पेपर पर authorised Signatory के द्वारा दिया जायेगा।
8.	संस्था के पास कार्य के संपादन के लिए प्रशिक्षित कार्यकर्त्ता उपलब्ध है। अतः इस कार्य को मेरी संस्था को आवंटन करना चाहेंगे।	भारत–भारती (शैक्षणिक) संस्था डा0 राजेन्द्र प्र0 पथ, कटिहार–854105	विभाग द्वारा मांगी गयी अभिरूचि की अभिव्यक्ति के अनुसार संस्था को आवेदन देना होगा। आवेदन के जांचोपरांत के पश्चात अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले संस्था को ही कार्य का आवंटन किया जा सकता है।
9.	मैं अपनी संस्था के माध्यम से हरियाली मिशन के तहत कार्य करना चाहता हूँ। इसके लिए संस्था को क्या करना होगा ?	युवा विकास क्लब, छोटकी हरदियाँ जगदीशपुर, भोजपुर।	संस्था/एजेंसी को हमारे विभाग के वेबसाईट www.forest.bih.nic.in पर जाकर, इस कार्य के लिए दिये गये Expression of Interest के अनुसार आवेदन करना होगा।
10.	जिला में कार्यालय खोलने के लिए जगह सरकारी होगी या संस्था खुद व्यवस्था करेगी।	(i) Envirotech, Kolkatta.	संस्था/एजेंसियों को जिला स्तर पर कार्यालय स्थापित करने की जिम्मेवारी खुद की होगी।
11.	हरियाली मिशन के अंतर्गत जो भी कार्य होगा, वह सरकारी जमीन पर या निजी जमीन पर ।	(i) Green Leaf Engry Pvt. Ltd	यह कार्य सरकारी एवं निजी दोनों जमीन पर हो सकता है।
12.	संयुक्त रूप से वेबसाईट बनाना एवं डोमैंन बनाने का खर्च कौन देगी।	i) GfK Mode Pvt.Ltd. PO- Kadamkuan Patna-800003	वेबसाईट एवं डोमैंन बनाने का कार्य संयुक्त रूप से संस्था/एजेंसी का होगा। इसका मूल्य संस्था/एजेंसी वहन करेगी, परन्तु यह विभाग की संपत्ति होगी।

अभिरूचित की अभिव्यक्ति (Expression of interest) में सामान्य संशोधन कर विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है।

(एस0 के0 सिंह)
वन संरक्षक–सह–
निदेशक, हरियाली मिशन,
बिहार, पटना।